卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 79 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦बृहस्पतिवार ♦25 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## हरीश रावत का भाजपा मुख्यालय कूच, पुलिस ने रोका

देहरादून (उद संवाददाता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने गुरूवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए अपने एआई से निर्मित वीडियो के विरोध में भाजपा मुख्यालय तक एकांकी मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें मुख्यालय तक जाने से रोकते हुए बैरिकेड लगाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच कड़ी नोकझोंक भी देखने को मिली। स्थिति तनावपूर्ण हो गई और हरीश रावत सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। हरीश रावत ने मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि समाज में झूठ फैलाने और उनकी साख को नुकसान पहुँचाने के लिए एआई तकनीक का उपयोग कर उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। उन्होंने इसे लोकतंत्र और सार्वजनिक संवाद के लिए गंभीर चुनौती बताया। साथ ही हरीश रावत ने प्रदेश सरकार पर बेरोजगार युवाओं के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने विभिन्न विभागों में भर्ती कराने का वादा किया था, लेकिन अभी तक यह वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकारी नौकरी (शेष पृष्ठ सात पर)



## पुलिस कर्मी की कार ने तीन मजदूरों को रौंदा

नैनीताल। तल्लीताल फांसी गदेरा क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने पेंटिंग का काम करने जा रहे तीन मजदूरों को रौंद दिया। हादसे के बाद वाहन चालक और उसका साथी मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि कार को पुलिस कर्मी चला रहा था। जानकारी के अनुसार हरि नगर निवासी बिहारी लाल, पप्पू और राजेश लाल आर्मी गेस्ट हाउस, राज भवन मार्ग में पेंटिंग का काम करने जा रहे थे। इसी दौरान चढ़ाई में तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद भी वाहन चालक नहीं रुका और तीनों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। घटना के दौरान चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे और किसी तरह घायलों को वाहन के नीचे से बाहर निकालकर बीडी पांडे अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल में तीनों का उपचार जारी है। बीडी पांडे अस्पताल सूत्रों के अनुसार, बिहारी लाल की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसे उच्च चिकित्सा केंद्र (हायर सेंटर) रेफर किया जा रहा है। सीओ रविकांत सेमवाल ने बताया कि हादसे में इस्तेमाल की गई कार एक पुलिसकर्मी द्वारा चलायी जा रही थी। वाहन कब्जे में लेकर चालक और उसके साथी की तलाश के लिए पुलिस टीम रवाना कर दी गई है। पुलिस आरोपियों कीजल्द गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।



## अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ छापेमारी से मचा हड़कम्प

सितारगंज। राजस्व विभाग ने अवैध मिट्टी खनन के मामले में छापेमारी कर दो ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़कर सीज कर दिया। इससे अवैध खनन कारोबारी में हड़कंप मच गया। पिछले डेढ़ माह से अवैध मिट्टी खनन का धंधा खुलेआम चल रहा था। बृहस्पतिवार को तहसीलदार हिमांशु जोशी, पटवारी दीपक महर, पंकज चंद, रमेश सिंह अजय सिंह, रवि कुमार ने गोपनीय ढंग से शक्तिफार्म के निर्मल नगर क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर दो ट्रैक्टर ट्रालियों को (शेष पृष्ठ सात पर)



## प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माण स्थल से 40 लाख का सामान चोरी

### वेट ब्रिज में छेड़छाड़ कर गायब कर दिया स्टील और एल्मुनियम का सामान

रूद्रपुर। बागवाला ग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्य स्थल से करीब चालीस लाख कीमत का स्टील और एल्युमिनियम का स्क्रैप मैटेरियल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस गंभीर प्रकरण में पुलिस ने धोखाधड़ी और चोरी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, विकास प्राधिकरण द्वारा अनुबंध के तहत मंसर्स अभिलाषा इंटरप्राइजेज को निर्माण कार्य कराया जा रहा था। कंपनी के एचआर शिवमनी कुमार ने बताया कि ठेकेदार शंकर आयरन स्टील ट्रेडर्स और उनके साथियों ने निर्माण स्थल पर लगे सरकारी वेट ब्रिज (वजन मापने वाले कांटे) में छेड़छाड़ की। इस छेड़छाड़ के जरिए लगभग 40 लाख रुपये मूल्य का स्टील और एल्युमिनियम मैटेरियल चोरी कर लिया गया। शिवमनी कुमार ने आगे बताया कि चोरी के दौरान आठ गाड़ी स्टील और चार गाड़ी एल्युमिनियम मैटेरियल ले जाया गया। एक गाड़ी वाहन संख्या यूपी-13डीटी 7889 पकड़ी गई, लेकिन ड्राइवर भाग गया। इस वाहन को कंपनी ने अपने कब्जे में ले लिया है। कंपनी का दावा है कि इस घोटाले में ठेकेदार और उसके कर्मचारी सीधे शामिल हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि वेट ब्रिज पर वजन करने पर भारी अंतर (2.5 से 3 टन तक का वैरिएशन) पाया गया, जिससे चोरी की पुष्टि होती है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस मामले ने निर्माण कार्य की निगरानी, सरकारी परियोजनाओं में पारदर्शिता और ठेकेदारों की जवाबदेही को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में लगी है और आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई के साथ चोरी की गई सामग्री की रिकवरी के प्रयास भी जारी हैं।

## सीएम धामी ने वाजपेयी और चन्द्र सिंह गढ़वाली को किया नमन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनको नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाजपेयी जी कुशल प्रशासक, ओजस्वी वक्ता तथा दूरदृष्टा नेता थे, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण को नई दिशा प्रदान की। उनका संपूर्ण जीवन सुशासन, संवेदनशीलता एवं सर्व समावेशी विकास के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाकर लोकहित को सर्वोपरि रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाजपेयी जी के विचार आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी कार्यशैली से प्रेरणा लेते हुए राज्य सरकार पारदर्शी प्रशासन, त्वरित निर्णय एवं जनहितकारी नीतियों के माध्यम से विकसित उत्तराखंड की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता पूर्वक कार्य कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री धामी ने पेशावर कांड के नायक वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' की जयंती पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने देश की आजादी के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)



## भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम का पुतला फूंका

लालकुआं (उद संवाददाता)। अंकिता हत्याकांड मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन के साथ नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडे के नेतृत्व में भाजपा के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। रोषित कांग्रेसजनों का कहना था कि अंकिता हत्याकांड में भाजपा के बड़े चेहरों का नाम सामने आना एक बेहद गंभीर और विचलित करने वाला विषय है, जो यह साबित करता है कि सत्ता के रसूखदार लोग इस जघन्य अपराध में शामिल दोषियों को बचाने के लिए ढाल बने हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शुरू से ही अपने प्रभावशाली नेताओं को संरक्षण दे रही है, जो कि हमारी न्याय व्यवस्था पर एक सीधा प्रहार है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि दुष्यंत गौतम की तत्काल गिरफ्तारी हो और मामले की निष्पक्षता के साथ सीबीआई जांच कराई जाए ताकि वे चेहरे बेनकाब हो सकें जिन्हें अब तक व्यवस्था की परछाइयों में छिपा कर रखा गया है। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के इस्तीफे की मांग करते हुए चेतावनी दी कि जब तक अंकिता को इंसाफ नहीं मिलता और दोषियों को बचाने वालों को सजा नहीं मिलती, कांग्रेस का यह संघर्ष थमेगा नहीं। प्रदर्शन (शेष पृष्ठ सात पर)





# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती कर रही सरकार : धामी

## सीएम ने उत्तरकाशी में रजत उत्सव संग सुरक्षित शीतकालीन यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया

उत्तरकाशी। उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय देवभूमि रजत उत्सव एवं शीतकालीन चारधाम यात्रा पर आधारित कार्यक्रम के अंतिम दिन के कार्यक्रम का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को रजत जयंती वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन सभी वीर शहीदों और आंदोलनकारियों को नमन किया, जिनके बडोनी जी को नमन करते हुए उनके संघर्षों को याद किया। देवभूमि रजत उत्सव से रजत जयंती वर्ष पर आयोजित देवभूमि रजत उत्सव एवं शीतकालीन चारधाम यात्रा को प्रोत्साहन कर उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को संजोया जा रहा है। आज शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, विद्युत आदि सेवाओं को विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकल फॉर वोकल, मेड इन इंडिया से देश को विकसित भारत बनाने का अभियान को गति दी जा रही समूह, शिल्प और बुनाई आदि को विशेष पहचान दी जा रही है। अर्थव्यवस्था को बढ़ाने हेतु होमस्टे, लखपति दीदी, वेडिंग डेस्टिनेशन आदि कार्यों को गति देकर उत्तरकाशी जनपद में ही आज 12 हजार से अधिक लखपति दीदी बन चुकी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के प्रयास से ही आज उत्तराखंड पलायन निवारण आयोग की रिपोर्ट में रिवर्स पलायन में लगभग 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। आज उत्तराखंड राज्य युवाओं को रोजगार देने के मामले में भी करोड़ की राशि से पुरोला में उपजिला अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। प्रत्येक गांव को सड़क मार्ग से जोड़ा जा रहा है। उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिल्क्यारा टनल का कार्य भी अंतिम चरण में है जिससे यमुनोत्री से गंगोत्री की दूरी कम होकर आम नागरिकों को सहूलियत के साथ पर्यटन को एक नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं को रोकना तो असंभव है परन्तु अपनी तैयारियों को बेहतर कर उनके नुकसान को कम कर इजाजत नहीं दी जाएगी। यूसीसी को लागू कर सभी के लिए एक समान कानून की व्यवस्था की है। गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि उत्तराखंड 25 वर्ष पूरे कर आज हमारा राज्य शीतकालीन चारधाम यात्रा पर आधारित रजत जयंती वर्ष मना रहा है। उत्तराखंड निर्माण का सपना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने साकार किया था। जिसे आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देश का अग्रणी राज्य बनाने का कार्य किया जा रहा है। राज्य की गया है। ये डिजिटल प्रदर्शनियों ने लोगो को खूब अपनी और आकर्षित कर रही है। डिजिटल प्रदर्शनी में आधुनिक तकनीक, इंटरएक्टिव गेम्स एवं डिजिटल माध्यमों के जरिए उत्तराखण्ड की विकास यात्रा को प्रदर्शित जा रहा है।सायंकाल में आज देवभूमि रजत उत्सव समारोह में संगीता ढौंडियाल व पांडावाज बैंड की मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की जाएगी। बीते दो दिनों में अजय भारती समूह, अज्जू तोमर व श्वेता महारा की रंगारंग प्रस्तुतियों ने लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया है। कार्यक्रम में







संघर्षों के फलस्वरूप उत्तराखंड राज्य का सपना साकार हुआ। उन्होंने विशेष रूप से मातृशक्ति के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अविस्मरणीय रही है और आज वे ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड आंदोलनकारियों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पृथक राज्य बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले और उत्तराखंड के गांधी स्व. श्री इंद्रमणि बडोनी जी की भी जयंती है है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मुखवा हर्षिल से शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहन कर आज पूरे वर्ष पर्यटन को गति दी जा रही है। आज हमारी सरकार एक जिला एक फेस्टिवल पर कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र में गति लाने हेतु इन्वेस्टर समिट आयोजित कर 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश धरातल उतारकर औद्योगिक क्षेत्र को नई गति और सफलता प्राप्त की है। राज्य की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती हेतु हाउस ऑफ हिमालयाज, हस्तशिल्प, स्वयं सहायता देश में अग्रणी है अभी तक हमारी सरकार ने 26 हजार 500 से अधिक युवाओं को योग्यता एवं पारदर्शिता के साथ नौकरी दी है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत् विकास लक्ष्य इंडेक्स में उत्तराखंड देश का प्रथम राज्य बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के साथ अस्तित्व में आए झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों की तुलना में आज हम कुछ क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहे हैंउन्होंने कहा कि जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को सुधार करने हेतु 23 करोड़ की लागत से उत्तरकाशी में 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट बन रहा है। 46 सकते है जिसके लिए अधिक ऊंचाई पर स्थित झीलों की निगरानी हेतु निगरानी सिस्टम लगाने पर कार्य हो रहा है। धराली आपदा पीड़ितों के लिए अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उनके लिए सभी जरूरी कदम उठाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने समान नागरिक संहिता कानून, धर्मांतरण कानून, लैंड जिहाद, लव जिहाद आदि कानूनों को लागू कर सरकारी भूमि पर अवैध कबजे वाली भूमि को मुक्त कराया है और कहा कि देवभूमि की संस्कृति के साथ किसी को भी छेड़-छाड़ की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने हेतु शीतकालीन यात्रा का प्रोत्साहन कर नई गति दी जा रही है। आज कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता व स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही चित्रकला, रंगोली, नृत्य और निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। देवभूमि रजत उत्सव पर लगाई गई विकास प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनकर उभरी, जिसमें राज्य के पिछले 25 वर्षों के विकास सफर को चित्रों और वीडियो के माध्यम से दर्शाया जिलाध्यक्ष भाजपा नागेन्द्र चौहान, दर्जाधारी राज्य मंत्री राम सुंदर नौटियाल, प्रताप सिंह पंवार, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. स्वराज विद्वान, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, केदार सिंह रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, ब्लॉक प्रमुख ममता पंवार, गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, जिला महामंत्री महावीर सिंह नेगी, प्रशुराम जगुड़ी, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल, अपर निदेशक सूचना आशीष कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गिरजाघरों में क्रिसमस पर्व की धूम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिसमस का पर्व मसीही समाज में आज बडी धूम-धाम से मनाया गया। चर्च प्रार्थना भवन ट्रस्ट के भवनों को रंगीन झालरों फूलों से खूबसूरती के साथ सजाकर रात्री 10 से 12 तक फिर प्रात: 10 से 12 तक मुख्य अराधनाएँ प्रस्तुत की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रभू यीशु का जन्म बेथलहेम (येरुश्लेम) में 2025 वर्ष पूर्व हुआ था। सम्पूर्ण संसार में यह पर्व किसमस, के रुप में सैन्टाक्लॉथ पुरुस्कार व गाने बजाने के स्वंय केक काटने से प्रारम्भ होता आया है। नगर के वरिष्ठ पास्टर एल चरन ने मुख्य आराध्य का सचांलन करते हुए बताया कि यीशु का जन्म गौशाला में हुआ था। जहाँ गाय बैल बंधे थे। गौशाला थी। राजाओं व ज्योंतियों का अनुमान था। की कोई बालक पैदा हुआ है। जिसका जन्म महल में भी हो सकता था, परन्तु परमेश्वर का पुत्र बनकर यीशु संसार में शन्ति स्थापित करने वाला चरनी (गौशाला) में जन्मा जिसके प्रमाख रोमी सग्रांलय में है। नगर के आस पास के सैकडों लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान केएलए राईस मिल के मालिक अशोक अग्रवाल ने केक काटकर बधाई दी। रमेश गुम्वर ने केक काटने में हाथ बटाया तथा बच्चों को पुरुस्कार पुरुस्कृत किये। कार्यक्रम में रिजवान, रावेश, रोहित जोशी, मक्कड सिहं, राजू मसीह,



रंजीत मसीह, अरुन चरन, प्रेम कुमार तथा अन्य लोग सम्मिलित थे। पास्टर एल चरन की प्रार्थना आशिष वचन से कार्यक्रम का समापन किया गया। आशिष तिवारी ने वाईवल द्वारा यीशु जन्म का उल्लेख किया।

# पान की दुकान से नगदी और सामान चोरी

शक्तिफार्म। मुख्य बाजार स्थित काली मंदिर के पास एक पान की दुकान को बीती रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। घटना में दुकान से हजारों रुपये की नकदी, सुपारी, गुटखा और सिगरेट सहित भारी मात्रा में सामान चोरी हो गया। चोरी के बाद क्षेत्र में व्यापारियों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार काली मंदिर स्थित मुकेश मंडल की पान की दुकान में बुधवार देर रात चोरों ने दुकान के पीछे लगे टीन शेड को तोड़कर प्रवेश किया। गुरुवार सुबह जब मुकेश मंडल दुकान खोलने पहुंचे, तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। गल्ला और सामान बिखरा पड़ा था, वहीं होलसेलर को देने के लिए रखे करीब 18 हजार रुपये गायब थे। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि चोर लगभग 25 किलो सुपारी, गोल्ड फ्लेक के 24 डिब्बे, कैपेस्टन के 20 डिब्बे, करीब 5-6 हजार रुपये के गुटखा और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी मौके पर चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी और डकैती के पीछे नशे की लत



पहुंचे। मुकेश मंडल ने चोरी की लिखित तहरीर पुलिस चौकी में सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और जल्द खुलासे की मांग की। व्यापार मंडल ने क्षेत्र में लगातार बढ़ती एक बड़ा कारण बनती जा रही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# जाम के झाम से निजात दिलाने के लिए सड़क पर उतरे महापौर, हटेगा अतिक्रमण

रूद्रपुर। किच्छा बाईपास, काशीपुर बाईपास और हाईवे पर अकसर लगने वाले जाम के झाम से शहरवासियों को राहत दिलाने के उद्देश्य से महापौर विकास शर्मा बुधवार को नगर निगम, पुलिस, यातायात पुलिस और सीपीयू की संयुक्त टीम के साथ स्वयं सड़कों पर उतरे। उन्होंने जाम के वास्तविक कारणों को समझने के लिए ग्राउण्ड पर विस्तृत सर्वे किया और मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान जाम से निजात दिलाने के लिए कई त्वरित निर्णय लिए गए, जिनमें बाईपास मार्ग स्थित ट्रांजिट कैम्प रोड मोड़ पर बने कट को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाना प्रमुख रहा। इस निर्णय से यहां अक्सर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। शहर में झील के पास ट्रांजिट कैम्प मोड़, काशीपर बाईपास,डीडी चौक तथा इंदिरा चौक पर पिछले कुछ समय से जाम की समस्या लगातार जटिल होती जा रही थी। इसी को गंभीरता से लेते हुए महापौर विकास शर्मा ने नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, सीओ प्रशांत कुमार, यातायात पुलिस और सीपीयू की टीम के साथ ट्रांजिट कैम्प मोड़ से लेकर डीडी चौक होते हुए इंदिरा चौक और डीडी चौक से गावा चौक तक जाम के कारणों का गहन सर्वे किया। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि किच्छा बाईपास रोड पर ट्रांजिट कैम्प मोड़ का कट जाम का बड़ा कारण बन रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत बैरिकेटिंग लगाकर इस कट को बंद कर दिया गया। इसके साथ ही शॉपर स्ट्रीट मॉल के पास बने छोटे कट को भी बंद करने का निर्णय लिया गया। सर्वे के दौरान जाम के अन्य स्पॉट भी चिन्हित किए गए और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस मौके पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए लगातार और सुनियोजित प्रयास किए जा रहे हैं। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा से भी



विस्तार से वार्ता की थी। उसी क्रम में ग्राउण्ड पर सर्वे कर जाम के स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए गए हैं। फिलहाल ट्रायल के तौर पर कुछ कट बंद किए गए हैं और यदि एक सप्ताह में यह प्रयोग सफल रहता है तो इन व्यवस्थाओं को स्थायी रूप दिया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि ट्रांजिट कैम्प मोड़ पर कट बंद होने से लोगों को जाम से बड़ी राहत मिलेगी।महापौर ने झील परिसर में लगने वाले बाजार को लेकर भी सख्त रुख अपनाया। उन्होंने बताया कि झील के बाहर सड़क पर वाहनों के खड़े होने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है और झील प्रबंधन को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त की जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि झील में लगने वाले बाजार के कारण यदि जाम की स्थिति बनी तो बाजार की अनुमति निरस्त कर दी जाएगी। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर को सुंदर, सुव्यवस्थित और जाम-मुक्त बनाने का बीड़ा उन्होंने उठाया है। जहां-जहां अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा है, वहां सख्ती से अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेड़ा मुख्य मार्ग से भी शीघ्र नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। काशीपुर बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण में अभी समय लग सकता है, लेकिन फिलहाल वहां से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जल्द शुरू की जाएगी ताकि लोगों को जाम से राहत मिल सके। इसके साथ ही काशीपुर बाईपास रोड पर इंदिरा कॉलोनी मोड़ के कट को भी फिलहाल बंद किया जाएगा। महापौर ने भरोसा दिलाया कि शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर शीघ्र ही जाम की समस्या से निजात दिलाई जाएगी।उन्होंने यह भी बताया कि हाईवे के चौड़ीकरण का कार्य अब तेज हो गया है। बिजली के पोल हटाने में हो रही देरी और वन विभाग से कुछ पेड़ों को काटने की अनुमति न मिलने के कारण कार्य प्रभावित था, लेकिन अब सभी आवश्यक अनुमतियां मिल चुकी हैं। इस दौरान सीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि डीडी चौक और इंदिरा चौक शहर के प्रमुख चौराहे हैं, जहां वाहनों का दबाव अत्यधिक रहता है। वर्तमान में चौराहों और सड़क पर कार्य चल रहा है, जिसके कारण जाम की समस्या बढ़ी है। आने वाले दिनों में कार्य पूर्ण होने के बाद यहां जाम की स्थिति नहीं रहेगी।

# सुशासन से ही योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव : शाशनी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट सभागार में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जन सहभागिता को और सुदृढ़ करना रहा। मुख्य विकास अधिकारी ने सुशासन सप्ताह समारोह, आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम, 20 सूत्री कार्यक्रम तथा पीएम एक्सीलेंस अवार्ड के संबंध में संक्षिप्त जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का जमीनी स्तर तक समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन ही सुशासन की मूल पहचान है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित संकेतांकों तथा 20 सूत्री कार्यक्रम के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे जनपद के समग्र विकास को गति मिल रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सुशासन के सिद्धांतों को अपनाते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, जवाबदेही एवं परिणामोन्मुखी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी ढंग से मिल सके। कार्यशाला के दौरान जनपद में संचालित गुड गवर्नेंस प्रैक्टिसेज/इनिशिएटिव्स पर विस्तृत चर्चा की गई। इस क्रम में नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर, सुश्री शिप्रा जोशी ने नगर निगम क्षेत्र में कूड़ा संग्रहण व्यवस्था पर आधारित पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, स्रोत पर कूड़े के पृथक्करण, ट्रांसफर स्टेशन की व्यवस्था, स्वच्छता कर्मियों की तैनाती, शिकायत निवारण प्रणाली तथा नगर निगम द्वारा किए जा रहे नवाचारों की विस्तार से जानकारी दी। नगर आयुक्त ने बताया कि प्रभावी कचरा प्रबंधन प्रणाली के चलते शहर की स्वच्छता व्यवस्था में निरंतर सुधार हो रहा है तथा नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से यह व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बन रही है। कार्यशाला में परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी वी.के. सिंह यादव, जिला युवा कल्याण अधिकारी बी.एस. रावत, अधिशासी अभियंता जल निगम सुनील जोशी, लघु सिंचाई विभाग से सुशील कुमार, लीड बैंक अधिकारी चिराग पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने फूंका कांग्रेस का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला अध्यक्ष रविन्द्र बाली आर्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ बुध पार्क तिकोनिया में कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंका। रविंद्र बाली ने कहा कि हमारे शीर्ष नेतृत्व व वरिष्ठ नेता दुष्यंत कुमार गौतम अनुसूचित समाज से आते हैं और राष्ट्रीय महामंत्री उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी भी हैं। उनके खिलाफ एक महिला बार-बार सोशल मीडिया के माध्यम से उन पर आरोप लगा रही है। अंकिता हत्याकांड के मामले में हम इसकी घोर निंदा करते हैं। बाली ने कहा कि ऐसी महिलाओं को जो ऐसे आरोप लगाती हैं उनकी सोशल मीडिया को बंद कर देना चाहिए। क्योंकि यह लोग अपने आप को चमकाने के लिए इस तरह की हरकत करते हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी ने षड्यंत्र के तहत उस महिला को आगे कर इस कार्य को अंजाम दिया है। इसकी अनुसूचित समाज घोर निंदा करता है। पुतला फूकने में सुमित्रा प्रसाद दिनेश सागर, हरिमोहन अरोड़ा, गणेश जोशी, नंदकिशोर आर्य, ईश्वरी राम, अजय आर्या, जानकी प्रसाद, आनंद आर्य, मुकेश आर्य, सोनू शर्मा,अजय राज, हरीश मनराल, अमोल मल्होत्रा, दीपांशु शर्मा, रजत कुमार, नकुल देव , पनराम, बुधसैन उपस्थित रहे ।



# विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 508 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के क्रम में समस्त शहरी स्थानीय निकायों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की चतुर्थ त्रैमासिक किश्त हेतु कुल 315 करोड़ तथा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम एवं द्वितीय किश्त हेतु भारत सरकार से प्राप्त कुल 94 करोड की धनराशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में संबंधित त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं को हस्तान्तरित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिमिटेड के अन्तर्गत राज्य पोषित सरकारी भ्योल रूपसियाबगड जल विद्युत परियोजना (120 मे0वा0) के लिए कैट प्लान मद में एन0पी0वी0, क्षतिपूरक वनीकरण सहित वन भूमि की लीज हेतु घ15 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड के अन्तर्गत "Development of Ecological Corridor at Naik Goth वित Disaster Resilience (Formerly Known as Development of Road From Kiroda Nallah to River Front and Reclamation of Land along Kiroda Nallah" के निर्माण हेतु 84 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने के साथ कृषि एवं कृषक कल्याण के अन्तर्गत मिशन फोर आत्मनिर्भरता इन पल्सेस योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में वित्तीय एवं प्रशासिनक स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# 850 लोगों ने लिया बहुद्देशीय शिविर का लाभ

सितारगंज(उद संवाददाता)। जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत बुधवार को सितारगंज ब्लॉक के न्याय पंचायत सिसौना के बैकुंठपुर में कृष्णा मंदिर प्रांगण में भव्य बहुद्देशीय शिविर आयोजित हुआ । ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए शिविर में प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत लाभ देने के निर्देश दिए। शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मौके पर आवेदन प्राप्त पंजीकरण किया गया व अनेक पात्र लाभार्थियों को तत्काल लाभान्वित भी किया गया। शिविर में 23 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क जाँच कर मरीजों को द्वारा भी वितरित की गई, एक्सरे भी किए गए। शिविर में लगभग 850 लोगो ने प्रतिभाग किया। जिसमे 597 लोगों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में कुल 437 लोगो का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण किया गया। समाज कल्याण द्वारा विभिन्न पेंशनों में 70, विधवा पेंशन में 18, गन्ना विभाग द्वारा 15, आयुर्वेद एवं यूनानी में 46, आधार अपडेशन एवं नये कार्ड 49, यूसीसी में 12 पंजीकरण, 17 आयुष्मान कार्ड, 4 परिवार रजिस्टर नकल, जन्म मृत्यु पंजीकरण /परिवार रजिस्टर प्रमाण पत्र 14 तथा 6 दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। श्रम विभाग द्वारा 13 श्रम कार्ड, जननी सुरक्षा योजना में 31, कन्या विवाह सहायता में 3, सीएम रोजगार योजना में 3 लाभार्थी को लाभान्वित किया गया। शिविर में ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह , जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, महामंत्री मयंक अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल,गोविंद तालुकदार, तहसीलदार हिमांशु जोशी , नोडल अधिकारी/समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध,खंड विकास अधिकार सी आर आर्या ,सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल, ईडीएम जादवेद पांडे तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# न्याय पंचायत बराखेड़ा के खेल महाकुंभ का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री चौंपियनशिप ट्रॉफी के अंतर्गत खेल महाकुंभ 2025 की न्याय पंचायत बराखेड़ा की खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मौर्य एकेडमी अमरपुरी,गदरपुर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची ग्राम प्रधान अमरपुरी श्रीमती नमिता द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की अंडर 14 अंडर-19 की एथलेटिक्स ,कबड्डी ,खो-खो और मुर्गा झपत की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।अंडर-19 वर्ग में 100 मीटर दौड़ में यशदीप , 200 मीटर दौड़ में रवीना , 400 मीटर दौड़ में वंदना , 1500 मीटर दौड़ में मानसी ,गोला फेक में हर्षित , चक्का फेक में वंशिका मैनी , ऊंची कूद में सहजप्रीत कौर और लंबी कूद में मानसी सागर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।अंडर 14 आयु वर्ग में खो खो प्रतियोगिता में सेंट मैरी विजेता और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उपविजेता रही। 60 मीटर दौड़ में माही विश्वास ,600 मीटर दौड़ में प्राची ,ऊंची कूद में निकुंज, लंबी कूद में प्रीति, कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर 14 आयु वर्ग में स्टेडियम सकैनिया प्रथम और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर मौर्य अकादमी के एमडी आनंद मौर्य, मिनती विश्वास ,बृजेश दुबे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नवीन चंद्र, राजेश विश्वास, रीता कोहली, अर्चना,संदीप कौर,दिनेश उप्रेती ,राजेश विश्वास तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे। ब्लॉक खेल समन्वयक( बेसिक )नूर आलम ने बताया है कि 26 दिसंबर को बालक वर्ग की खेल महाकुंभ प्रतियोगिता में कबड्डी, एथलेटिक्स, खो-खो और मुर्गा झपट की प्रतियोगिता सुबह 10:00 बजे से आरंभ होगी।



# जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल बिहारी वाजपेई को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कुमाऊ संभागकार्यालय में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर द्वीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमे भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 251 द्वीप प्रज्वलित करके उनको श्रद्धासुमन अर्पित किये।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने पूर्व प्रधामंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण के योगदान का उल्लेख किया। उन्होने बताया कि अटल स्मृति वर्ष पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन मण्डल व मोर्चा द्वारा किया जाएगा। जिसमे जिला मुख्यालय में 07 दिवसीय अटल स्मृति प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कवि सम्मेलन, विद्यालयो में चित्रकला, भाषण व निबन्ध व महिलाओं के मध्य रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री तरूण बंसल, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, नवीन वर्मा, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष सुश्री प्रतिभा जोशी, जिला मंत्री प्रताप रैक्वाल, मण्डल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, नीरज बिष्ट, जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रविन्द्र बाली, पान सिंह मेवाडी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती कंचन उप्रेती, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नन्हे कश्यप, मनीष पाल, विनोद जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।



# आइकन नर्चरिंग इनोसेंस स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

रूद्रपुर। शह के आइकन नर्चरिंग इनोसेंस स्कूल द्वारा रिदम डिवाइन 2025 वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन होटल द वीनस में अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ किया गया। होटल प्रांगण को आकर्षक सजावट एवं मनोहारी रोशनी से सुसज्जित किया गया था, जिससे संपूर्ण वातावरण उत्सवमय प्रतीत हो रहा था। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना एवं मधुर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच को जीवंत कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य, भावपूर्ण गीत, देशभक्ति से ओतप्रोत झांकियाँ एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस वर्ष वार्षिक समारोह की विशेष थीम "सिम्फनी ऑफ नेशन्स: बीट्स बियॉन्ड बॉर्डर्स) रखी गई, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने नृत्य की वैश्विक भाषा द्वारा सीमाओं से परे एकता, सौहार्द एवं सांस्कृतिक विविधता का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में कथक की कोमल भाव-भंगिमाएँ, भरतनाट्यम की सशक्त मुद्राएँ, राजस्थान का कालबेलिया, महाराष्ट्र की लावणी, उत्तराखंड का लोक नृत्य, ऑपरेशन सिंदूर की झांकी, दादा-दादी के स्वागत में विशेष नृत्य, पेरेंट्स सॉन्ग, ऊर्जा से भरपूर फ्रीस्टाइल तथा आकर्षक पाश्चात्य नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक तरुण कश्यप ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए शिक्षकों के समर्पण एवं अथक परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में मुख्य कार्यालय से पधारे मुख्य अतिथि निदेशक श्री मुकुल त्यागी जी एवं रितेश सर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों एवं विद्यालय निदेशक द्वारा कुछ प्रतिभाशाली अध्यापिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य, विशेष प्रतिभा एवं समर्पण के लिए सम्मानित भी किया गया। नन्हे-नन्हे बच्चों में झलकता आत्मविश्वास शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन का जीवंत प्रमाण रहा, जिसने अभिभावकों को भी भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



# शीतकालीन पर्यटन आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने सांकरी में आयोजित विंटर फेस्टिवल का किया शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को उत्तरकाशी जिले के सांकरी में आयोजित केदारकांठा पर्यटन तीर्थाटन शीतकालीन महोत्सव में प्रतिभाग किया। उन्होंने शीतकालीन पर्यटन को जन आंदोलन बनाने और उत्तराखंड को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि शीतकालीन पर्यटन आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव है। तेजी से उभरते पर्यटन केंद्र सांकरी में आयोजित विंटर फेस्टिवल में पहुंचे मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का पारंपरिक ऊनी परिधान पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने केदारकांठा जाने वाले पर्यटक दल को हरी झंडी दिखाकर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय निवासियों एवं पर्यटकों से संवाद किया तथा विंटर फेस्टिवल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि सांकरी केवल एक गांव नहीं, बल्कि उत्तराखंड की लोकसंस्कृति का जीवंत संग्रहालय है। पहली बार सांकरी आगमन पर उन्होंने स्थानीय लोगों के स्नेह और उत्साह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां की पारंपरिक वास्तुकला, लोक संस्कृति और सरल पहाड़ी जीवनशैली उत्तराखंड की विशिष्ट पहचान को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव उत्तराखंड की आस्था, संस्कृति, परंपरा और स्वाभिमान का उत्सव होने के साथ-साथ "विकास भी विरासत भी" की सोच को साकार करता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शीतकालीन यात्रा के आह्वान के बाद केदारकांठा, हर्षिल, औली, मुनस्यारी और सांकरी जैसे क्षेत्रों में शीतकालीन पर्यटन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। युवा ट्रेकिंग गाइड, होम-स्टे, होटल एवं पर्यटन से जुड़े अन्य कार्यों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं और इन क्षेत्रों में पलायन में कमी आई है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन पर्यटन से लोक कलाकारों, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय उत्पादों को नया बाजार मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और कनेक्टिविटी सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से कार्य कर रही है। उत्तरकाशी में पार्किंग निर्माण, सड़क परियोजनाएं और पुरोला उप जिला चिकित्सालय जैसी अनेक योजनाएं इसके उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री ने सिलक्यारा टनल हादसे का उल्लेख करते हुए कहा कि 17 दिनों तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में 41 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालना सरकार की संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों, कानून व्यवस्था और पारदर्शिता को भी सशक्त बना रही है। समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, सख्त भू-कानून और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति से उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बना रहा है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक दुर्गेश्वर लाल द्वारा क्षेत्र के विकास को लेकर सौंपे गए मांग पत्र का परीक्षण कर यथासंभव घोषणाओं में शामिल किया जाएगा। टटाउ महाविद्यालय के सड़क मार्ग को भी घोषणाओं में सम्मिलित किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल ने कहा कि हरकीदून, केदारकांठा, भराड़सर, देवक्यारा, चांईशील और सरूताल जैसे अनेक सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के केंद्र बिंदु सांकरी में आयोजित विंटर फेस्टिवल से क्षेत्र के पर्यटन विकास को नई दिशा मिलेगी।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान, दायित्वधारी जगत सिंह चौहान, पूर्व विधायक मालचंद, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, सीडीओ जयभारत सिंह, एसडीएम मुकेशचंद रमोला, ब्लॉक प्रमुख रणदेब राणा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग एवं पर्यटक उपस्थित रहे।





# एस.पी. सॉल्वेंट लिमिटेड स्थापना का 50वां स्वर्णिम वर्ष धूमधाम से मनाया

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एस.पी. सॉल्वेंट लिमिटेड की स्थापना का 50 वा गोल्डन जुबली वर्ष फैक्ट्री परिसर में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। जिसमे नगर के राजनीतिक क्षेत्र, व्यापारिक क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों से जुड़े सम्मानित नागरिको के साथ फैक्ट्री के एमडी पवन अग्रवाल और डायरेक्टर अंकित अग्रवाल सहित कंपनी से जुड़े एसपी साल्वेंट परिवार ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महामंडेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि मनुष्य आपाधापी में ईश्वर और देवताओ को भूलता जा रहा है। हमे अपने पुरखो के साथ कुल देवता की पूजा करनी चाहिए। जिससे आपको उन्नति कमार्ग मिलेगा।उन्होंने कहा कि संसार में जिस प्रकार अराजकता बढ़ी है और संस्कारो को भूलना शुरू किया है, उससे समाज में बुजुर्गो के प्रति सम्मान काम हो रहा है। कंपनी के एमडी पवन अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज छोटे से संसाधनों के बल पर 1975 में शुरू की गई कंपनी ने पिछले पचास वर्षो में काफी उन्नति की है। यह सब कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने इस अवसर पर आये मेहमानो का आभार व्यक्त किया। एस. पी. सॉल्वेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पवन अग्रवाल ने गोल्डन जुबली वर्ष के अवसर पर भविष्य कीयोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में हम अपने उद्योग का और विस्तार करेंगे। नई तकनीक, आधुनिक संयंत्र और गुणवत्ता उन्नयन के साथ-साथ हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा एस.पी. सॉल्वेंट केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का माध्यम बने, यही हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा ।गोल्डन जुबली वर्ष हमारे लिए आत्ममंथन और संकल्प का वर्ष है। हम आगे भी शुद्धता और विश्वास के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।इस अवसर पर एसपी साल्वेंट के डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने सभी आगंतुकों, श्रद्धालुओं और कंपनी के कर्मचारियों अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस छोटे से पौधे को पचास साल पहले लगाया गया था आज वो बड़ा बृक्ष बन गया है। उसका काम सभी को अपने साये में रखना है। हम सब इसे अपनी कड़ी मेहनत से लगातार आगे बढ़ाते रहेंगे।कंपनी के स्वर्णिम 50 वर्ष के अवसर पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, एलएसी के एमडी शिव कुमार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अर्जुन गुप्ता, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक राज कुमार ठुकराल, जावेद आलम, हरेंद्र सिंह लाडी, सहित प्रशासनिक, व्यापारिक जगत से जुड़े सैकड़ो लोगो ने शिरकत की।






# राजा परीक्षित को कथा श्रवण कराते शुकाचार्य महाराज दो बार हुए समाधिस्थ

## हवन भंडारा के पश्चात श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आज प्रात: हवन भंडारा के पश्चात समापन किया गया। इससे पूर्व महामना मदन मोहन मालवीय को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कथा के सातवें दिन बुधवार को पूज्य स्वामी पद्मनारायणाचार्य महाराज जी ने बताया कि पूज्य स्वामी पद्मनारायणाचार्य महाराज जी ने बताया कि राजा परीक्षित शुकदेव जी महराज से कहते है गुरुदेव वैसे तो भगवान के अनन्त नाम है ,मुझे इनका एक नाम बहुत पसन्द आया वह है दीनबन्धु महाराज भगवान का यह नाम क्यूँ पडा? क्या भगवान कृष्ण ने किसी दीन हीन को भी अपना बन्धु बनाया था क्या?श्री शुकदेव जी महाराज को सुदामा जी याद आ गये। राजा परीक्षित को कथा श्रवण कराते समय श्री शुकाचार्य जी महाराज दो बार समाधिस्थ हो गये थे । एक ब्रम्हा मोह लीला मे दूसरी बार सुदामा का प्रसंग आने पर। बचपन के दो मित्र गुरुकुल से बिदा होने के बाद अलग अलग राह पर चल पडे। एक मथुरा और उसके बाद द्वारिकाधीस बन गया दूसरा घर गृहस्थी बसा करके भगवान का परम भक्त बन गया। परमभागवत श्री सुदामा जी का पावन परिचय देते अभिन्न हृदय मित्र श्रीसुदामा जी महराज है। शुकदेव जी महराज ने सुदामा के लिये इतने विशेषता के विशेषण गिना दिये कि मूल परिचय देना ही भूल गये । इससे पूर्व कथा के यजमान अशोक भल्ला के परिवार द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा सुनाए गए भजनों को सुनकर श्रद्धालु झूमते रहे। आज प्रात: महामना मदनमोहन मालवीय जी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा हवन आयोजित कर सुन्दर कांड का पाठ व भंडारा वितरित किया गया। इस दौरान विधायक तिलकराज बेहड़, बीना बेहड़ ,अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, विजय विरमानी, रोहिताश बत्रा, नन्दलाल भुड्डी, अमित अरोरा बॉबी, राकेश राजदेव, महापौर विकास शर्मा, सुनील ठुकराल, राजेश कामरा, भरत साह, सौरभ बेहड़,बंटी ग्रोवर, नरेश शर्मा, तिलक घई, सुरेश बब्बर, रमेश मिड्ढा, शशि अरोरा, राज वर्मा, पिंकी ग्रोवर, सीमा जुनेजा, किरन जग्गा, अश्विनी जुनेजा, राकेश सुखीजा, संदीप धीर, राजेन्द्र खनीजो, दीपक गुगलानी, सचिन मुजाल, पवन गाबा, यमन बब्बर, संजय जुनेजा, कृष्ण लाल नारंग, अशोक भल्ला, सुदेश मिद्ढा, अश्वनी बजाज, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, गौरव बेहड़, राजकुमार खनीजो, अशोक भल्ला, सुरेश जग्गा, रोहित जग्गा, आकांक्षा अनेजा, बीना बत्रा, सीमा जुनेजा आदि मौजूद थे।





समस्त क्षेत्रवासियों को क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में बहुत-बहुत शुभकामनाएं



फादर रुडोल्फ
अनुग्रह आश्रम
किच्छा रोड, सितारगंज ( उधम सिंह नगर )

SAHAS Homoeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश




## भुवन बने जन-जन की सरकार,जन-जन के द्वार के प्रदेश सह संयोजक



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। भाजपा के वरिष्ठ नेता भुवन जोशी पूर्व प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया एवं आई टी, भाजपा उत्तराखंड को विगत कई वर्षों से उनके द्वारा पार्टी हित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के अभियान जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार का प्रदेश सह संयोजक बनाया गया है। भुवन जोशी पूर्व के विधानसभा चुनाव में विजय संकल्प यात्रा में भी प्रदेश की टीम के सदस्य रहे थे। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव में भी मीडिया एवं डाटा प्रबंधन का कार्य देखा गया था। समय-समय पर संगठन के हर कार्यों में जोशी द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता रहा है। उनके इस जन-जन की सरकार - जन-जन के द्वारा अभियान में शामिल होने से कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।भुवन जोशी ने प्रदेश व जिला नेतृत्व एवं सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया है।

**आवश्यकता है**

रूद्रपुर में न्यूज चैनल के लिए एक वीडियो एडिटर की अवश्यकता है।

-: शीघ्र सम्पर्क करें:-

मो. 9897427586

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अंगीठी का धुंआ

आमतौर पर होटलों में ठहरने के दौरान यह उम्मीद की जाती है कि वहां सुकून के साथ सुरक्षित माहौल भी होगा। मगर देश भर के कई होटलों में जिस तरह की लापरवाही बरती जाती है, वह चिंताजनक है। सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम न होने के कारण कई दफा लोगों की जान तक चली जाती है। हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में ऐसी ही एक घटना सामने आई है। यहां एक होटल में सोमवार रात अंगीठी के धुएं के कारण पांच लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। ये सभी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से इस होटल में रंग-रोगन संबंधी कार्य के लिए आए थे और वहीं एक कमरे में ठहरे थे।यह आश्चर्य की बात है कि इस होटल के कमरे में अंगीठी का इस्तेमाल हो रहा था। ऐसे में सवाल है कि अंगीठी का बंदोबस्त होटल प्रबंधन ने ही किया था या फिर इन लोगों ने अपने स्तर पर इसका इंतजाम किया? और अगर निजी तौर पर वहां अंगीठी लाई गई थी, तो कर्मचारियों ने उन्हें रोका क्यों नहीं! यहां तक कि कमरे से उठते धुएं पर भी ध्यान न देना गंभीर लापरवाही की ओर इशारा करता है।होटलों में प्राथमिक सुविधाओं के साथ सुरक्षा संबंधी बंदोबस्त की जांच करना स्थानीय प्रशासन की भी जिम्मेदारी है। गौरतलब है कि धुएं और आग की चेतावनी देने वाले उपकरण आमतौर पर कर्मचारियों को सचेत कर देते हैं। ऐसे में सवाल है कि इस होटल में क्या जरूरी सुरक्षा उपकरण नहीं लगाए गए थे?इस तरह की व्यवस्थागत खामी के लिए होटल प्रबंधन के साथ-साथ वे अधिकारी भी जिम्मेदार हैं, जो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में समय-समय पर सुरक्षा उपायों का निरीक्षण करते हैं। कुरुक्षेत्र में हुए हादसे को टाला जा सकता था, अगर वहां तैनात कर्मचारी सचेत रहते और सुरक्षा के माकूल इंतजाम किए गए होते। लापरवाही के इस धुएं में पांच लोगों के जीवन की लौ बुझ गई, तो इसका दोषी कौन है? इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सरकार और प्रशासन को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर ठोस कदम उठाने होंगे।

# उड़ान संस्था ने जीजीयूपीएस स्कूल में मनाया क्रिसमस उत्सव

## खेल, उपहार और मुस्कान से महका बालिकाओं का दिन

रूद्रपुर। उड़ान संस्था द्वारा जीजीयूपीएस स्कूल की बालिकाओं के साथ क्रिसमस उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों, स्कूल स्टाफ एवं शिक्षकों को सांता कैप वितरित की गईं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें उन्होंने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी बच्चों को टॉफी, स्नैक्स और केक वितरित किए गए। संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ नृत्य कर उन्हें प्रोत्साहित किया, जिससे बालिकाओं के चेहरों पर विशेष खुशी और मुस्कान देखने को मिली। उड़ान संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती ज्योति गोयल ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उसे सुचारु एवं अनुशासित ढंग से संचालित किया। उनके मार्गदर्शन में क्रिसमस ट्री की आकर्षक सजावट की गई तथा बच्चों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई। उन्होंने विशेष रूप से ध्यान रखा कि प्रत्येक बच्चा इस उत्सव की खुशी को महसूस कर सके, जिससे आयोजन प्रेरणादायक और यादगार बन गया। इस अवसर पर संस्था की प्रेसिडेंट श्रीमती प्रिया गर्ग ने कहा कि उड़ान संस्था समय-समय पर सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से सरकारी एवं पिछड़े स्कूलों के बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का निरंतर प्रयास करती रहती है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन में आत्मविश्वास, खुशी और आशा का संचार करना है।पूजा, नीतू एवं सपना ने बच्चों के लिए मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद खेलों का संचालन किया। रचना एवं अनु ने बच्चों को व्यवस्थित रूप से स्नैक्स वितरित किए, जबकि दीपिका, प्रियंका, तेजस्वी एवं लवली ने सांता कैप और टॉफियाँ वितरित कर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी।



# दुर्गा मंदिर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

दिनेशपुर( उद संवाददाता)।वार्ड पांच दुर्गा मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन तथा विशाल भंडारे के साथ हुआ। गुरुवार को कथाव्यास विनोद कुमार शास्त्री के द्वारा राजा परीक्षित संवाद और शुकदेव जन्म वृतांत का विस्तार से वर्णन किया। अंतिम दिन कथा की शुरुआत भागवत आरती साथ की गई। कथाव्यास ने बताया कि भागवत कथा हमे विचार, वैराग्य, ज्ञान प्रदान करने के साथ हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। उन्होंने परीक्षित को श्राप कैसे लगा व भगवान शुकदेव उन्हें मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुये आदि कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा समापन के बाद बसंती पूजा कमेटी कार्यकर्ता प्रभा राय के टीम के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया। तत्पश्चात कथावाचक को महिला टीम के द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर कमेटी के घनश्याम अग्रवाल, विशु बजाज, सरोज मंडल, सुधीर राय, गोपाल चक्रवती, अमित अग्रवाल, शिखा ढाली, प्रभा राय, मीना मंडल, राधा विश्वास , प्रियंका मंडल,राधा विश्वास, प्रमिला मंडल, आदि मौजूद रहे।



## दीप जलाकर अटल जी को दी श्रद्धांजलि

देहरादून( उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय, देहरादून में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी का जीवन राष्ट्र सेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दक्ष स्पोर्ट्स अकैडमी के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झटका पदक

नानकमत्ता। हल्द्वानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित नेशनल सब जूनियर - जूनियर जुजित्सु चैंपियनशिप में दक्ष स्पोर्ट्स अकैडमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण एवं 3 कांस्य पदक अर्जित किए। दक्ष स्पोर्ट्स अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक किशोर सिंह डांगी एवं सहायक प्रशिक्षक कंचन बसेरा के नेतृत्व में नानकमत्ता क्षेत्र के होनहार मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की। किशोर सिंह डांगी ने बताया कि अकादमी की खिलाड़ी शिवन्या गोस्वामी ने (28 किलो वेट कैटिगरी, अंडर 8 ईयर वर्ग में) जुजित्सु निवाजा इवेंट व फाइटिंग सिस्टम में 1-1 स्वर्ण पदक, देव चंद्र बेनवाल ने (40 किलो वेट कैटिगरी, अंडर 14 ईयर वर्ग में) निवाजा इवेंट में 1 स्वर्ण पदक, अमन रेंसवाल ने (56 किलो वेट कैटिगरी, अंडर 16 ईयर वर्ग में) जुजित्सु निवाजा इवेंट व फाइटिंग सिस्टम में 1-1 कांस्य पदक और रोहित भट्ट ने (56 किलो वेट कैटिगरी, अंडर 18 ईयर वर्ग में) निवाजा इवेंट 1 कांस्य पदक अपने नाम किया। दक्ष स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों की उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।



# मुख्यमंत्री चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन

## न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ में गुरु नानक एकेडमी के छात्र छात्राओं ने किया प्रतिभाग

नानकमत्ता। मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025- 26 के तहत न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया। श्री गुरु नानक एकेडमी के मैदान में आयोजित बालिका वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ पूर्व विधायक व डॉक्टर प्रेम सिंह राणा द्वारा किया गया। बालिका वर्ग के अंडर-14 में 60 मीटर, 600 मीटर दौड़, कबड्डी , खो खो, मुर्गा झपट, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक प्रतियोगिताएं तथा अंडर-19 वर्ग में 100 मीटर ,200 मीटर ,800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मी, 100 मी लंबी रिले दौड़, कबड्डी, खो-खो,मुर्गा झपट आदि प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के संयोजक विद्यासागर वर्मा ने अतिथियों एवं उपस्थित सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। पूर्व सी आर सी समन्वयक जसौद मेहता ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए शत - प्रतिशत प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। सूरज सक्सेना द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन कर उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, संचालकन कर्ता के और अटवाल, निमाई चंद्र माझी, नरेश राणा, कुंवर राणा, दिनेश चौहान,वीरेश चौहान, लीला रौतेला, पवन कुमार, मोहित कुमार, शिव सिंह बिष्ट, त्रिलोक चंद्र, सुरजीत सिंह, निर्मल सिंह, शिव दत्त जोशी, रेनू, तृप्ति पंत मौके पर रहे। वहीं न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुम्भ में श्री गुरु नानक अकैडमी स्कूल के छात्र- छात्राओं ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। इसमें अंडर-14 में दिव्या राणा 600मीटर दौड़ मे स्वर्ण पदक,दक्ष सिंह ने 30 मीटर दौड़ मे रजत पदक,खुशस्मित कौर ने 60 मीटर मे रजत पदक और बालिका वर्ग अंडर-14 मे कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक मनरीत कौर,खुशमीत कौर,मनदीप कौर,प्रभदीप कौर,जसमीत कौर,गुरसीरत कौर,हरगुन कौर,एंजेल राणा,स्नेहप्रीत कौर तथा अंडर-19 मे बालक वर्ग मे नवजोत सिंह चक्का,भाला फैक मे स्वर्ण पदक,हरमन सिंह 5000 मीटर दौड़ मे रजत पदक,हर्षदीप सिंह ने गोला फेक मे रजत पदक,लवप्रीत सिंह ने गोला फेक मे कांस्य पदक ,संदीप सिंह ने भाला फेक में कांस्य पदक जीते । इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सुरेंद्र कौर,प्रिंसिपल डॉ मीनाक्षी प्रभाकर, प्रशासक सुखवंत सिंह,कोच होशियार सिंह, रानू मसीह ने बच्चों को शुभकामनाए दे और उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।





# पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा इकाई की कार्यकारिणी घोषित

खटीमा। पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा इकाई की बुधवार को लोक निर्माण अतिथि गृह में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पत्रकार प्रेस परिषद के राष्ट्रीय सचिव, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अशोक गुलाटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके खटीमा आगमन पर उपस्थित पत्रकारों द्वारा फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार गोरख नाथ द्वारा किया गया।बैठक के दौरान खटीमा इकाई के अध्यक्ष विकासशील ने नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की। सर्वसम्मति से हरप्रीत सिंह को महासचिव, अमित कुमार को सचिव, मनजीत सिंह को सह-सचिव, अरविंद कुमार एवं नदीम हुसैन को उपाध्यक्ष, नितेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, मुकेश गुप्ता एवं सोनिया कुमारी को संरक्षक तथा ममता शील को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव अशोक गुलाटी ने वरिष्ठ पत्रकार विजय कुमार को जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव पद पर नियुक्त किए जाने की भी घोषणा की।बैठक में नानकमत्ता इकाई के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अनिल सागर, सितारगंज इकाई के अध्यक्ष गुरदीप सिंह, क्राइम उत्तराखंड की संपादक रिंपी, टनकपुर से पहुंचे पत्रकार नवीन भट्ट सहित अन्य पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत व सशक्त बनाने पर बल दिया। बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा, उत्पीड़न, पत्रकार हितों तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में आ रही चुनौतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।सितारगंज इकाई के अध्यक्ष गुरदीप सिंह ने कहा कि पत्रकार जनता और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है। उन्होंने समाज के उत्पीड़ित वर्ग को न्याय दिलाने और राष्ट्र निर्माण में पत्रकार की भूमिका को अहम बताते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी और लोकतांत्रिक पत्रकारिता पर जोर दिया।नवनियुक्त अध्यक्ष विकासशील ने बैठक को सफल बनाने के लिए सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सुझाव से खटीमा इकाई को मजबूत और सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने हर परिस्थिति में पत्रकार हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प भी दोहराया।मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव अशोक गुलाटी ने अपने पत्रकारिता जीवन के अनुभव, संघर्ष और योगदान को साझा करते हुए पत्रकारों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने आगामी 21 जनवरी 2026 को दिल्ली में प्रस्तावित दो दिवसीय पत्रकार महासम्मेलन में अधिक से अधिक पत्रकारों की सहभागिता का आह्वान किया। बैठक में उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अशोक गुलाटी, वरिष्ठ पत्रकार गोरख नाथ, पीलीभीत जिला अध्यक्ष ममता शील, खटीमा इकाई अध्यक्ष विकासशील, अरविंद कुमार, सुरेंद्र कुमार, नवीन भट्ट, रिंपी, राजीव गुप्ता, गुरदीप सिंह, बलजीत सिंह, शुभम गौड़, नदीम हुसैन, हरप्रीत सिंह, मनजीत सिंह, सोनिया कुमारी, वैभवशील, अनिल सागर, डॉ. सपन राय, मुस्तकीम मलिक सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।



# अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच हो : बेहड़

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।किच्छा विधायक तिलक राज बेहड ने अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर उत्तराखंड सरकार की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए इस प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी पहाड़ की बेटी थी और उसे न्याय दिलाना केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और विश्वास से जुड़ा हुआ विषय है।विधायक बेहड ने कहा कि जिस तरह इस मामले में प्रारंभिक स्तर पर साक्ष्य नष्ट किए गए, घटना स्थल स्थित रिसॉर्ट को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया और जांच को सीमित दायरे में रखा गया, उससे सरकार की नीयत पर गंभीर संदेह उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि यदि शुरुआत से ही जांच पारदर्शी और निष्पक्ष होती, तो आज इतने प्रश्न खड़े नहीं होते।उन्होंने हाल ही में उर्मिला राठौड़ द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आए वीडियो और बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन तथ्यों ने मामले को और अधिक



गंभीर बना दिया है। विधायक बेहड ने आरोप लगाया कि उर्मिला राठौड़ ने एक प्रभावशाली भाजपा नेता पर गंभीर आरोप लगाए हैं, ऐसे में सरकार को बिना देरी के इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच करानी चाहिए।विधायक ने कहा कि यदि सरकार और जांच एजेंसियों के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो सीबीआई जांच से डरने की कोई वजह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केवल एसआईटी जांच के माध्यम से कुछ आरोपियों को सजा दिलाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह आवश्यक है कि इस जघन्य अपराध के पीछे शामिल सभी प्रभावशाली व्यक्तियों की भूमिका भी सामने आए।तिलक राज बेहड ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से भी आग्रह किया कि वे स्वयं इस प्रकरण का संज्ञान लें और उत्तराखंड की बेटी को न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष सीबीआई जांच सुनिश्चित करें।विधायक बेहड ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने समय रहते कोई ठोस और निष्पक्ष निर्णय नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी को प्रदेशभर में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# रूद्रपुर में ऐतिहासिक होगा उत्तरायणी महोत्सवरू डा. चंदौला

रूद्रपुर।शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) के संरक्षक एवं चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कालेज के एमडी डा. केसी चंदौला ने कहा कि कुमाऊँ का प्रसिद्ध लोक पर्व उत्तरायणी रूद्रपुर में शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) की ओर से ऐतिहासिक रूप में मनाया जाएगा। डा. चंदौला ने मीडिया को बताया कि 13 और 14 जनवरी को गंगापुर रोड स्थित शैल भवन में आयोजित होने वाला उत्तरायणी महोत्सव इस बार विशेष रूप से भव्य और यादगार होगा। डा. चंदौला ने कहा कि घुघुतिया त्यार के नाम से प्रसिद्ध यह पर्व कुमाऊँ की लोक संस्कृति का प्रतीक है और इसे रूद्रपुर में हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार महोत्सव के पहले दिन ख्यातिप्राप्त लोक कलाकारों की प्रस्तुति दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। कार्यक्रम में लोक गायक गजेन्द्र राणा, लोक कलाकार साक्षी काला, लोक गायिका डॉ. कसुम भट्ट, विक्रम रावत, जगदीश भट्ट, राजेन्द्र बिष्ट, सुरू रावत और अक्षय राणा जैसे कलाकार मंच पर अपनी



प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सिर्फ संगीत ही नहीं, बल्कि महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा कुमाऊँ की पर्वतीय संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ही पारंपरिक व्यंजनों और कुमाऊनी संस्कृति के स्टॉल, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और अन्य आकर्षण मेले का हिस्सा होंगे। विशेष रूप से, चंदौला मेडिकल कॉलेज की ओर से दो दिन तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें छह चिकित्सकों की टीम मरीजों की जांच करेगी और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाएंगी। डा. चंदौला ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे परिवार सहित इस दो दिवसीय महोत्सव में पहुंचें और पारंपरिक संस्कृति, मनोरंजन और स्वास्थ्य सुविधाओं का आनंद लें। उन्होंने कहा कि उत्तरायणी महोत्सव न केवल पर्व का जश्न है, बल्कि यह कुमाऊँ की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखने और सामाजिक मेलजोल बढ़ाने का भी अनोखा अवसर है।

# जू-जित्सु प्रतियोगिता में आराध्या और आरव ने किया रौशन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के युवा मार्शल आर्टिस्ट्स ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गर्व से रोशन किया। उत्तराखंड स्टेट जू-जित्सु चैंपियनशिप 2025 में सफलता पाने वाले वही छात्र इस बार राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराने में सफल रहे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आराध्या ने अपने असाधारण कौशल, आत्म विश्वास और अनुशासन का परिचय देते हुए एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं, आरव चंदेल ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इनकी यह उपलब्धि उनकी निरंतर अभ्यास, रणनीतिक सोच



और मजबूत खेल भावना का सशक्त प्रमाण है। विद्यालय के प्रबंधन, प्रिंसिपल, खेल विभाग एवं कोचों ने दोनों छात्रों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय की उस सोच का प्रतीक है जिसमें पढ़ाई के साथ-साथ खेल और व्यक्तित्व विकास को समान महत्व दिया जाता है। कोचों के समर्पित मार्गदर्शन और छात्रों की अनुशासित दिनचर्या ने इस उपलब्धि को संभव बनाया।

# भाजपा सरकार ने जनता से किया छल: पाण्डेय

बिंदुखत्ता(उद संवाददाता)। भाकपा माले ने बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने की प्रक्रिया से बाहर किए जाने को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी के नैनीताल जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि भाजपा सरकार और स्थानीय विधायक ने बिंदुखत्ता की जनता के साथ एक बार फिर छल किया है। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि सितंबर 2024 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा बिंदुखत्ता को राजस्व गांव घोषित किए जाने के निर्णय को विलोपित किए हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा और विधायक लगातार जल्द राजस्व गांव बनाने के दावे कर जनता को गुमराह करते रहे। उन्होंने इसे न केवल वादाखिलाफी, बल्कि जनता के खिलाफ आपराधिक कृत्य बताया। भाकपा माले जिला सचिव ने कहा कि भाजपा वर्ष 2014 से ही हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर जुमलेबाजी की राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले वनाधिकार कानून के तहत दावे पारित होने की बात कहकर जनता को भ्रमित किया गया, जबकि वास्तविकता यह है कि बिंदुखत्ता क्षेत्र वनाधिकार कानून के दायरे में ही नहीं आता। बाद में वे दावे भी वापस करा दिए गए। अब राजस्व गांव की घोषणा विलोपित किए जाने की खबर ने भाजपा की नीयत को उजागर कर दिया है। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि दशकों से वन भूमि पर बसी आबादी को उजाड़ने की मंशा राज्य की भाजपा सरकार की रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से उत्तराखंड की वन भूमि पर बसी आबादी के खिलाफ कब्जा हटाने के आदेश को आगे बढ़ाया और अब बिंदुखत्ता को राजस्व गांव की प्रक्रिया से बाहर कर देना इसी नीति का हिस्सा है। इससे स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार वन भूमि पर बसे लोगों को उजाड़ने पर आमादा है। भाकपा माले ने बिंदुखत्ता, बागजाला, पुछड़ी, सुल्ताननगरी, सुंदरखाल, वन खत्तों सहित वन भूमि पर बसे सभी क्षेत्रों की जनता से अपील की है कि वे भाजपा सरकार की कथित गरीब-विरोधी और बुलडोजर नीति के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष तेज करें।

# पुश्तैनी जमीन से गायब नाम, चुकुम गांव विस्थापन में गंभीर सवाल

रामनगर(उद संवाददाता)। आपदाग्रस्त चुकुम गांव के प्रस्तावित विस्थापन को लेकर अब विवाद बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विस्थापन की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही भूमि अभिलेखों में गड़बड़ी की जा रही है, जिससे कई पुराने ग्रामीणों के नाम नई खतौनी से गायब कर दिए गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा का कहना है कि प्रशासन द्वारा विस्थापन की रिपोर्ट शासन-प्रशासन और सरकार को भेज दी गई है, लेकिन विस्थापन शुरू होने से पहले ही भूमि रिकॉर्ड में बदलाव किया जा रहा है। उनका आरोप है कि कई पुराने ग्रामीणों का नाम नई खतौनी में दर्ज ही नहीं किया गया। उन्होंने विशेष रूप से स्वर्गीय गोविंद सिंह का मामला उठाते हुए बताया कि उनकी भूमि खाता संख्या 31, 46 और 29 में दर्ज थी, लेकिन नई खतौनी में उनका नाम हटा दिया गया। नरेंद्र शर्मा ने इसे ग्रामीणों की पुश्तैनी जमीन पर एक संभावित साजिश करार दिया है। इस मामले में सीआरपीएफ से हाल ही में सेवानिवृत्त होकर गांव लौटे हीरा सिंह ने भी अपने दर्द को साझा किया। उन्होंने बताया कि उनके पिता चंदन सिंह और दादा गोविंद सिंह का नाम नई खतौनी में दर्ज नहीं है। हीरा सिंह ने कहा कि उनके पास सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं और प्रशासन से अपील की है कि उन्हें उनकी पुश्तैनी जमीन वारिसान हक के तहत लौटाई जाए। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि खतौनी से ही नाम गायब हो जाएगा, तो विस्थापन के दौरान मुआवजा या भूमि का वास्तविक लाभ कैसे मिलेगा। इसके लिए उन्होंने उप जिलाधिकारी रामनगर और जिलाधिकारी नैनीताल को औपचारिक शिकायत भी भेजी है। वहीं, उप जिलाधिकारी रामनगर प्रमोद कुमार ने इस मामले पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा पूरे क्षेत्र का विस्तृत सर्वे कराया गया है और सभी मकानों एवं भूमि का सर्वे कर कुल रकबे के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि किसी का नाम नई खतौनी में दर्ज नहीं हुआ है, तो वह अपने वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर नाम दर्ज करवा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि के बदले भूमि का प्रावधान है और किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस विवाद ने चुकुम गांव विस्थापन की प्रक्रिया को एक संवेदनशील विषय बना दिया है और स्थानीय लोगों में चिंता और असमंजस की स्थिति उत्पन्न कर दी है।

# ग्राम बरीराई में सरकारी भूमि को किया कब्जा मुक्त

गदरपुर(उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय तथा जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में उप जिलाधिकारी रिचा सिंह एवं तहसील प्रशासन द्वारा ग्राम बरीराई में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार आज तहसील गदरपुर के अंतर्गत ग्राम बरीराई के खसरा संख्या 1217 क की 0.403 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाते हुए प्रशासन



ने भूमि को कब्जा मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में प्रशासनिक टीम मौजूद रही और शांतिपूर्ण ढंग से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस कार्रवाई में राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार एवं राजस्व उपनिरीक्षक मंजू बिष्ट उपस्थित रहे। तहसील प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पेज एक का शेष...

**हरीश रावत का भाजपा...**की आस में बैठे युवाओं की उम्र पार हो रही है, और इससे युवा पीढ़ी असंतुष्ट और निराश है। हरीश रावत ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार एक माह के भीतर युवाओं के रोजगार वादों को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाती है, तो वह 30 जनवरी, 2026 को गांधी पार्क में 24 घंटे का धरना देंगे। उन्होंने इस दौरान कार्यकर्ताओं और युवाओं से शांतिपूर्ण तरीके से सरकार के विरोध में एकजुट होने की अपील की। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी हरीश रावत का समर्थन करते हुए कहा कि एआई तकनीक का दुरुपयोग कर किसी भी व्यक्ति के खिलाफ झूठ फैलाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने सरकार से तुरंत संज्ञान लेने और युवाओं के रोजगार के मुद्दों पर कार्रवाई करने की मांग की।

**अवैध मिटटी..**निर्मलनगर, रतनफार्म से कब्जे में ले लिया। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अवैध मिट्टी कारोबारी में हड़कंप मच गया। बताते चलें कि सूखी नदी के निर्मलनगर क्षेत्र में पिछले डेढ़ माह से अवैध मिट्टी खनन का धंधा चरम पर है। इस क्षेत्र में ग्रुप बनाकर अवैध मिट्टी खनन का धंधा किया जाता हैं। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के कारण अवैध मिट्टी खनन कारोबारी प्रशासनिक पकड़ से बच निकलते थे। आरोपियों ने पूरे क्षेत्र में मुखबिरों का नेटवर्क भी बिछा रखा था। लेकिन प्रशासन ने सूझबूझ और गोपनीय ढंग से अवैध खनन के गढ़ में छापेमारी कर वाहनों को पकड़ लिया। तहसीलदार हिमांशु जोशी ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**भाजपा प्रदेश प्रभारी...**करने व पुतला फूंकने वालों में हेमवती नन्दन दुर्गापाल, पुष्कर दानू, हेमन्त पांडे, कमल दानू, मोहन कुड़ाई, रविशंकर तिवारी, कमलेश यादव, प्रदीप पर्थाल, शाहिद अहमद और गोविन्द दानू सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सीएम धामी ने ...**आंदोलनरत निहत्थी जनता पर गोली चलाने के आदेश को अस्वीकार कर अद्वितीय देशभक्ति, साहस एवं नैतिक दृढ़ता का परिचय दिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के संघर्ष में 'पेशावर कांड' एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में यह घटना मील का पत्थर सिद्ध हुई, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और क्रांतिकारी आधार प्रदान किया।

# किड्जी स्कूल में गैलरी वॉक कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर। किड्जी स्कूल फेरूपुर में गैलरी वॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्री संदीप गोयल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महादेव प्राइवेट आईटीआई के संस्थापक राकेश कुमार वर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संदीप गोयल ने कहा कि किड्जी स्कूल फेरूपुर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं नवाचारयुक्त शिक्षा प्रदान कर रहा है, जो पारंपरिक स्कूलों से अलग और प्रभावशाली है। उन्होंने कहा कि विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का बौद्धिक, सामाजिक और पारिवारिक विकास किया जा रहा है, जो वर्तमान शिक्षा प्रणाली की एक सकारात्मक दिशा को दर्शाता है। वहीं राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि किड्जी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अत्याधुनिक पेंटामाइन टेक्नोलॉजी पर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस शिक्षण पद्धति से बच्चों में आविष्कारशीलता, विश्लेषणात्मक क्षमता, सहानुभूति, समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठा तथा एकाग्र बुद्धि का विकास होता है। उन्होंने कहा कि यही विशेषताएं किड्जी को अन्य विद्यालयों से अलग पहचान दिलाती हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई रचनात्मक प्रस्तुतियों एवं शैक्षणिक गतिविधियों की अतिथियों और अभिभावकों ने सराहना की।



# शिव सेना प्रचार सचिव मोनू सिंह की माता का निधन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शिवसेना महानगर प्रचार सचिव सरदार मोनू सिंह की माता जी इंद्र कौर गुजराल के निधन पर शिवसेना परिवार में शोक की लहर व्याप्त हो गई। शिव सैनिकों ने एक शोक सभा कर मृतक आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर भगवान से इस दुख की घड़ी में परिवार जनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। शोक सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार भईयू, कुमाऊं मंडल सचिव पदम पाल, जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, संघटन मंत्री अशोक सिंधी, खेमराज साहू, प्रमोद आर्य, आयुष वार्ष्णेय, पूरन सागर, अभिषेक कश्यप, पुरुषोत्तम सिंह, दीपक राजपूत, मुकेश बिष्ट, राहुल कश्यप, सूरज आर्या, शुभम कुमार, अभिषेक मौर्य, सागर कश्यप, गुरुवंश आहूजा, नरेश कुमार, सहित अन्य शिव सैनिक उपस्थित थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शीशदान, शौर्य और सनातन रक्षा के प्रतीक थे राजा जगत देव पंवार

## लोकदेवता के रूप में पूजे जाने वाले दानवीर योद्धा की गौरवगाथा

भारतीय इतिहास और लोक संस्कृति में कुछ ऐसे व्यक्तित्व हैं, जो केवल शासक नहीं बल्कि आस्था, त्याग और वीरता के जीवंत प्रतीक बन जाते हैं। परमार (पंवार) वंश के प्रतापी राजपूत योद्धा राजा जगत देव जी, जिन्हें लोककथाओं में जगदेव पंवार के नाम



से जाना जाता है, ऐसे ही महान व्यक्तित्वों में शामिल हैं। वे मालवा की ऐतिहासिक नगरी धार के प्रसिद्ध शासक राजा उदयादित्य के पुत्र थे और अपने असाधारण साहस, दानशीलता और सनातन धर्म की रक्षा के लिए विख्यात रहे। राजा जगत देव जी का नाम भारतीय लोक परंपरा में शीशदान के अद्वितीय उदाहरण के रूप में लिया जाता है। लोककथाओं के अनुसार, उन्होंने अपनी आराध्य देवी मां काली को प्रसन्न करने के लिए अपना शीश काटकर उनके चरणों में अर्पित कर दिया था। यह केवल भक्ति का नहीं, बल्कि आत्मसमर्पण और अद्भुत साहस का प्रतीक माना जाता है। उनकी अटूट श्रद्धा और बलिदान से प्रसन्न होकर माता काली ने उन्हें पुनर्जीवन प्रदान किया और उन्हें अमर यश का वरदान दिया। यही कारण है कि राजा जगत देव जी को आज भी शीशदानी कहा जाता है। इतिहास और लोकगाथाओं में वर्णित एक अन्य महत्वपूर्ण प्रसंग में, जब तत्कालीन काल में मुगल आततायियों द्वारा हजारों हिंदू बेटी-बहनों का अपहरण किया जा रहा था और उनके मान-सम्मान पर कुठाराघात किया जा रहा था, तब राजा जगत देव जी सनातन संस्कृति के रक्षक बनकर आगे आए। उन्होंने अपने पराक्रम, रणनीति और निर्भीक नेतृत्व से मुगल अत्याचारियों को परास्त कर असंख्य स्त्रियों की रक्षा की। यह साहसी कार्य 26 दिसंबर के दिन संपन्न हुआ, जिसे आज भी स्मरण किया जाता है। इतना ही नहीं, लोक मान्यताओं के अनुसार 25 और 26 दिसंबर को राजा जगत देव जी ने गौ संरक्षण के लिए भी ऐतिहासिक और अविस्मरणीय कार्य किए। सनातन परंपरा में गौ को माता का दर्जा प्राप्त है और उनके संरक्षण के लिए राजा जगत देव जी का योगदान उन्हें धर्मरक्षक राजा के रूप में प्रतिष्ठित करता है। इन सभी महान और पुण्य कार्यों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष श्रद्धेय राजा जगत देव जी गौरव दिवस मनाया जाता है। लोक संस्कृति में उन्हें उन दानवीर राजाओं की श्रेणी में रखा जाता है, जिनमें राजा बलि और दानवीर कर्ण जैसे महान नाम शामिल हैं। उनका जीवन यह संदेश देता है कि सच्चा राजधर्म केवल सत्ता नहीं, बल्कि धर्म, नारी सम्मान और समाज की रक्षा में निहित होता है। राजा जगत देव जी की लोकप्रियता केवल ऐतिहासिक ग्रंथों तक सीमित नहीं है। उत्तर भारत के अनेक क्षेत्रों, विशेषकर हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज भी उनके भजन, लोकगीत और कथाएं गाई जाती हैं। ग्रामीण अंचलों में लोग उन्हें एक लोकदेवता के रूप में पूजते हैं और उनके नाम पर मेलों व जागरणों का आयोजन किया जाता है। यह लोक आस्था इस बात का प्रमाण है कि राजा जगत देव जी केवल इतिहास के पन्नों में नहीं, बल्कि जनमानस के हृदय में आज भी जीवित हैं। राजा जगत देव पंवार का जीवन साहस, त्याग, दान और धर्मरक्षा का अनुपम उदाहरण है। वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं कि जब बात संस्कृति, नारी सम्मान और राष्ट्रधर्म की हो, तो त्याग ही सबसे बड़ा शस्त्र बनता है।

# गदरपुर में 26 दिसंबर से लगेगा विशाल मेला

## पिछले पांच वर्षों से लग रहा विशाल मेला,हर वर्ष मेले का बढ़ रहा स्वरूप, श्रद्धालुओं की संख्या में आश्चर्यचकित रूप से हो रहा इजाफा

गदरपुर। श्रद्धेय राजा जगत देव जी केवल मालवा या परमार वंश तक सीमित व्यक्तित्व नहीं थे, बल्कि उनका यश और प्रभाव उत्तर भारत की लोक चेतना में दूर-दूर तक फैला हुआ है। उत्तराखंड, विशेषकर कुमाऊँ और गढ़वाल अंचल में, राजा जगत देव जी को साहस, बलिदान और धर्मरक्षा के प्रतीक के रूप में स्मरण किया जाता है। यहां की लोकपरंपराओं में उन्हें न्याय के देव और रक्षक शक्ति के रूप में देखा जाता है। गदरपुर विधानसभा की रोशनपुर ग्राम सभा के अंतर्गत गांव डलपुरा में पिछले 5 वर्षों से यानी 2021 से प्रत्येक वर्ष श्रद्धेय राजा जगत देव जी की जयंती पर मेला आयोजित होता है और प्रत्येक वर्ष इसका स्वरूप बढ़ता जा रहा है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर वर्ष बढ़ रही है। यह मेला बुक्सा समाज के द्वारा आयोजित होता है। मेले के साथ-साथ बुक्सा समाज के लोगों द्वारा यहां एक विशाल बॉलीबॉल टूर्नामेंट का भी आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी यह विशाल मेला कल यानी 26 दिसंबर से शुरू हो रहा है। लोकमान्यताओं के अनुसार, जब भी समाज पर संकट आया या नारी सम्मान और गौ रक्षा पर आघात हुआ, तब राजा जगत देव जी जैसे वीरों के आदर्श उत्तराखंड की देवभूमि में प्रेरणा बने। पर्वतीय समाज में उनकी कथा पीढ़ी-दर-पीढ़ी मौखिक परंपरा के माध्यम से सुनाई जाती रही है, जहां त्याग और शौर्य को देवतुल्य गुण माना जाता है। लोगों में खेल रुचि के चलते बुक्सा समाज के लोग नशे से दूर है। उत्तराखंड की सनातन संस्कृति में शीशदान, धर्मरक्षा और गौ संरक्षण को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। यही कारण है कि राजा जगत देव जी का व्यक्तित्व यहां के लोकदेवताओं और वीर गाथाओंकी परंपरा से आत्मिक रूप से जुड़ता है। कई स्थानों पर जागरणों और धार्मिक आयोजनों में उनके नाम का स्मरण कर समाज की रक्षा और सद्बुद्धि की कामना की जाती है। राजा जगत देव जी का जीवन उत्तराखंड के युवाओं के लिए यह संदेश देता है कि वीरता केवल हथियार उठाने में नहीं, बल्कि धर्म, संस्कृति और मानवीय मूल्यों की रक्षा में निहित होती है। देवभूमि की आत्मा में बसे त्याग, शौर्य और सेवा के संस्कारों से उनका व्यक्तित्व स्वाभाविक रूप से मेल खाता है।

# प्राथमिकता के साथ किया जायेगा धार्मिक स्थलों का विकास : शिव

## विधायक शिव अरोरा ने रविंद्रनगर मे छठ पूजा घाट व सुभाष मैदान के पास टीन शेड का किया शिलान्यास





रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने वार्ड. 37, रविंद्र नगर क्षेत्र का किया पैदल भ्रमण वार्ड का दौरा किया लोगो से मुलाकात की उनकी समस्या को सुना।इस दौरान विधायक ने वार्ड मे अनेको विकास कार्यों का किया शिलान्यास व लोकार्पण भी किया।विधायक शिव अरोरा ने रविंद्र नगर क्षेत्र मे स्थित रुद्रपुर क्षेत्र के सबसे प्रमुख व बड़े छठ घाट (धोबी घाट) पर छठ पूजा कमेटी की मांग पर विधायक निधि से स्वीकृत 10 लाख की लागत से होने वाले छठ घाट का विस्तार व सौंदर्यकरण कार्य का स्थानीय लोगो की मौजूदगी मे शिलान्यास किया। विधायक शिव अरोरा बोले पूर्वांचल समाज के लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा घाट जिसके सौंदर्यकरण कार्य की घोषणा विगत दिनों उनके द्वारा छठ पूजा के अवसर पर की गई थी।वही विधिवत उस कार्य का शिलान्यास कर दिया है। अब छठ घाट पहले से ओर बेहतर सुविधाओ से पूर्ण होगा। साथ ही महिलाओ को अर्घ्य देने हेतु घाटों का विस्तार किया जायेगा जिससे लगातार छठ पूजा पर बढ़ती संख्या के चलते यह काफी उपयोगी सिद्ध होने वाला है।विधायक शिव अरोरा ने रविंद्रनगर सुभाष चंद बोस मैदान के पास विधायक निधि से स्वीकृत 9 लाख की लागत से होने वाले एक सार्वजनिक टिन शेड के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। जिसकी मांग वहाँ के बंगाली समाज द्वारा लम्बे अरसे थी। उन्होंने कहा सुभाष मैदान के पास खेल गतिविधियों के साथ साथ शिवरात्रि के अवसर पर मेला लगता है जहाँ बड़ी संख्या मे शिव भक्त कावरिये आते है ओर अन्य आयोजन दुर्गा पूजा, चढ़क पूजा जिसका बंगाली समाज मे काफी आस्था मानी जाती है। इन सभी को देखते हुए एक बड़े टिन शेड के निर्माण की मांग यहाँ के लोगो द्वारा की गई थी जिसको विधायक अरोरा द्वारा पुरा करते हुए उसका शिलान्यास कर दिया है। जिससे उस टिन शेड का उपयोग कावरियों के ठहरने व अन्य धार्मिक आयोजन हेतु काफी उपयोगी होगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा धार्मिक आस्था से जुड़े कार्यों को उनके द्वारा पूरी विधानसभा मे प्राथमिकता के साथ कराने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा हमारे धार्मिक स्थल भव्य दिव्य नजर आये ऐसा उनके द्वारा सभी क्षेत्रों मे प्रयास किया गया है। वही विधायक शिव अरोरा ने दुलाल राय के घर से हलदार के घर तक सीसी सड़क के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा रविंद्रनगर भ्रमण के दौरान लोगों से जगह जगह मुलाकात की और साथ ही वार्ड मे हो रहे विकास कार्यों का जायजा भी लिया। उन्होंने कहा विकास कार्यों मे कोई कमी नही आने दी जायेगी और रविंद्रनगर मे लगातार एक के बाद एक विकास कार्यों को अम्लीजामा पहनाने का कार्य उनके द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, पार्षद विष्णु सिंह, छठ पूजा कमेटी अध्यक्ष, दिनेश गुप्ता, वीरेंद्र तिवारी, नन्दलाल शर्मा, के के दास, दुर्गेश मौर्य, फुदेना साहनी, विजय वाजपेयी, दिनेश गुप्ता, श्रीकांत शर्मा, राधेश्याम प्रसाद, लालू गुप्ता, विपुल गाईन, सुग्रीव गुप्ता, राजेश कुमार, संजय हलदार, राज मजूमदार, अश्वनी रफ्तान सत्यजीत मलिक, राजेंद्र शर्मा, के पी राठी, विजन गोसाई, मयंक कक्कड़, एसपी यादव,सुनील यादव,दुलाल राय, विजन हलदार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शुरू





रुद्रपुर(उद संवाददाता)।अटल स्मृति शताब्दी वर्ष को लेकर श्री तुलसी माता पूजन दिवस के अवसर पर सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा अमृत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज से प्रारंभ हो गया है जो 31 दिसंबर तक चलेगा। इससे पूर्व कलश यात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। जिसके यजमान समाज सेवी भारत भूषण चुघ और उनकी धर्मपत्नी कनिका चुघ थे। चुघ ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से जहां वातावरण भक्तिमय हो जाता है वहीं आपसे प्रेम और सोहार्द भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को हमारे धार्मिक रीति रिवाज और संस्कारों से प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके क्योंकि आज की युवा पीढ़ी ही कल का भविष्य है। इसलिए धार्मिक आयोजनों में सभी को बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलश यात्रा के उपरांत श्री तुलसी माता पूजन और श्री भागवत कथा प्रारंभ हो जाएगी। आयोजको ने बताया कि 26 दिसंबर को सती चरित्र, भरतोपाख्यान और श्री सुकदेव महाराज जी के जन्म का वर्णन किया जाएगा। 27 दिसंबर को प्रहलाद चरित्र एवं दान की महत्ता के बारे में बताया जाएगा। 28 दिसंबर को श्री वामन भगवान कथा और श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 29 दिसंबर को श्री कृष्ण की बाल लीलाएं और गोवर्धन पूजन, 30 दिसंबर को श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह और 31 दिसंबर को श्री कृष्ण सुदामा मिलन के उपरांत व्यास मंडली की विदाई होगी। उन्होंने बताया की कथा स्थल श्री दुर्गा माता मंदिर श्री कस्तूरी वाटिका बगवाडा रोड में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पवन लोधी, रामबाबू शर्मा, राम पाराशर, अनुज भट्ट, गुंजन ,आरडी जोशी ,प्रेम सिंह, प्रीती शर्मा, अनुज पंडित ,पिंकी पांडे ,भीम त्रिपाठी, सजल कुमार श्रीवास्तव, किरण शर्मा, अर्चना भट्ट ,राजलक्ष्मी ,लक्ष्मी चंद, बिंदु थापा ,रिंकी सिंह ,अमृता पांडे, प्रिया सिंह ,मोहिनी बिष्ट,अरुण अग्रवाल, बुद्धवती शर्मा, अमिता बिष्ट ,रुचि वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद थे।

Alsence®
बवासीर से परेशान?
मल त्यागते समय खून आना, गुदा पर जलन-खुजली, सूजन व मस्सों की तकलीफ़
अपनाइये 11 साल से भरोसेमंद आयुर्वेदिक समाधान
पाइल्सश्योर कैप्सुल
✓ केवल 7 दिन में असरदार परिणाम
✓ 100% आयुर्वेदिक
✓ कोई दुष्प्रभाव नहीं
✓ खूनी व बादी बवासीर में लाभकारी

सभी मुख्य मेडिकल स्टोर्स पे उपलब्ध
FOR QUERY CONTACT AT-9997744200, 7536000017